हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
18 सितंबर 2026, बरेली

PAGE NO. 6: MIDDLE



श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में की गई पूजा-अर्चना।

## एसआरएमएस संस्थानों में मशीनों का पूजन

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे चेयरमैन देव मूर्ति ने पूजा का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार, उप प्राचार्य डॉ. ऋतु सिंह, निदेशक फार्मेसी डॉ. अमित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. सौरभ गुप्ता और मुख्य प्रॉक्टर ई. विवेक यादव समेत विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे। वहीं, श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में निदेशक आदित्य मूर्ति ने हवन-पूजन कर मशीनों और उपकरणों की पूजा की।

दैनिक जागरण
बरेली, शुक्रवार
18 सितंबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

PAGE NO. III: MIDDLE

## एसआरएमएस के संस्थानों में हुई विश्वकर्मा पूजा

बरेली: श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के इंजीनियरिंग कालेज और मेडिकल कालेज में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी वर्कशाप को फूलों से सजाया गया और मशीनों का पूजन किया गया। इंजीनियरिंग कालेज में पूजा का शुभारंभ चेयरमैन देव मूर्ति ने किया। मेडिकल साइंसेज संस्थान में डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने पूजा अर्चना की। इस अवसर इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूशन बरेली के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डा. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डा. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे। (वि.)